
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

जयंती विशेष

19 नवंबर 2025

Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

अपना कर्तव्य निभाना ही सच्चा धर्म है ।

रानी लक्ष्मीबाई

( स्वतंत्रता सेनानी )

जन्म : 19 नवंबर 1828 मृत्यु : 18 जून 1858



राकेश कुमार

Teachers of Bihar
The change makers
दिवस विशेष
19 नवंबर

मधु प्रिया

# विश्व शौचालय दिवस 19 नवम्बर




विश्व शौचालय दिवस शौचालयों तक उचित पहुंच की आवश्यकता और दैनिक जीवन शैली में अच्छी स्वच्छता के महत्व को संबोधित करता है। हर साल, विश्व शौचालय दिवस अच्छी स्वच्छता से संबंधित बातचीत करने के लिए मनाया जाता है और हम सभी इस परिदृश्य को बेहतर बनाने में अपना योगदान कैसे दे सकते हैं। इस कार्यक्रम के तहत 19 नवंबर, विश्व शौचालय दिवस से 25 दिसंबर, सुशासन दिवस तक 5 सप्ताह के क्लीन टॉयलट चैलेंज का शुभारंभ किया गया। इस पहल की संकल्पना विश्व शौचालय दिवस 2023 की थीम "सुरक्षित स्वच्छता के लिए त्वरित परिवर्तन" के अनुरूप की गई है। रिसर्च इंस्टीटयूट ऑफ कंपैशनेट इकोनॉमिक्स के मुताबिक, देश के 40 प्रतिशत घरों में शौचालय होने के बावजूद प्रत्येक घर से एक सदस्य नियमित रूप से खुले में शौच के लिए जाता है। लोगों की इसी सोच को बदलने और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए हर वर्ष 19 नवंबर को 'वर्ल्ड टॉयलेट डे' यानी 'विश्व शौचालय दिवस' मनाया जाता है। स्वच्छता एक बुनियादी मानव अधिकार है। किसी भी स्थान पर अच्छी स्वच्छता की आवश्यकता सबसे पहले है, और अब समय आ गया है कि हम इसे समझें। खुले में शौच और खराब स्वच्छता गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती है। उचित शौचालयों तक पहुंच के आधार पर भी जीवन स्तर में गिरावट आ सकती है। ग्रामीण क्षेत्रों में खुले में शौच और उचित स्वच्छता सुविधाओं का अभाव अभी भी व्याप्त है। विश्व शौचालय दिवस शौचालयों तक उचित पहुंच की आवश्यकता और दैनिक जीवन शैली में अच्छी स्वच्छता के महत्व को संबोधित करता है। हर साल, विश्व शौचालय दिवस अच्छी स्वच्छता से संबंधित बातचीत करने के लिए मनाया जाता है और हम सभी इस परिदृश्य को बेहतर बनाने में अपना योगदान कैसे दे सकते हैं।

# Teachers of Bihar

The change makers

## जयंती विशेष 19 नवंबर




रानी लक्ष्मीबाई (जन्म: **19** नवम्बर **1828** – मृत्यु: **18** जून **1858)** मराठा शासित झाँसी राज्य की रानी और **1857** की राज्यक्रान्ति की द्वितीय शहीद वीरांगना थीं। उन्होंने सिर्फ **29** वर्ष की उम्र में अंग्रेज साम्राज्य की सेना से युद्ध किया और रणभूमि में वीरगति को प्राप्त हुईं। बताया जाता है कि सिर पर तलवार के वार से शहीद हुई थी लक्ष्मीबाई।



राकेश कुमार


# MATH TLM

91 Class-6to8

## आयत (Rectangle)

### परिमाप (Perimeter)

- आयत का परिमाप = 2 × ( ल॰ + चौ॰)




जैसे:- एक आयत का परिमाप ज्ञात करें जिसकी लंबाई 10 सेमी. और चौड़ाई 8 सेमी. हो ।

हल :- आयत का परिमाप = 2 ( 10 + 8 )

= 2 ( 10 + 8 )

= 36 cm

Anu Priya, Science Teacher




# भारत टेस्ट में लोएस्ट टारगेट चेज नहीं कर पाया

| टारगेट | खिलाफ | ग्राउंड | साल |
|---|---|---|---|
| 120 | वेस्टइंडीज | ब्रिजटाउन | 1997 |
| 124 | साउथ अफ्रीका | ईडन गार्डन्स | 2025 |
| 147 | न्यूजीलैंड | वानखेड़े | 2024 |
| 176 | श्रीलंका | गॉल | 2015 |
| 193 | इंग्लैंड | लॉर्ड्स | 2025 |
| 194 | इंग्लैंड | एजबेस्टन | 2001 |

# ईडन गार्डन्स में लोएस्ट स्कोर डिफेंड

| टारगेट | जीतने वाली टीम | खिलाफ | साल |
|---|---|---|---|
| 124 | साउथ अफ्रीका | भारत | 2025 |
| 192 | भारत | इंग्लैंड | 1972 |
| 231 | ऑस्ट्रेलिया | भारत | 1956 |
| 279 | पाकिस्तान | भारत | 1999 |


राकेश कुमार

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 19.11.2025

## छात्र-केंद्रित वातावरण

छात्र-केंद्रित वातावरण वह शिक्षण वातावरण है जो छात्रों की ज़रूरतों, रुचियों और सीखने की शैलियों पर केंद्रित होता है। इसमें छात्र अपनी शिक्षा में सक्रिय भागीदार होते हैं और शिक्षक एक सूत्रधार की भूमिका निभाते हैं। यह दृष्टिकोण सहयोग, आलोचनात्मक सोच और व्यक्तिगत सीखने को बढ़ावा देता है और पारंपरिक शिक्षक-केंद्रित मॉडल से अलग है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



पद्मश्री सम्मानित पर्यावरण संरक्षक **सालूमरदा थिमक्का** का 114 वर्ष की उम्र में **निधन** हो गया। बरगद के हज़ारों पेड़ लगाकर **प्रकृति संरक्षण** को जीवन का उद्देश्य बनाने वाली थिमक्का को **'वृक्ष माता'** के रूप में जाना जाता था।


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
विश्व शौचालय दिवस
आइए पूरे भारत को खुले में
शौच से मुक्त बनाने का संकल्प लें
19 नवम्बर
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


नारी शक्ति, अदम्य साहस,
अपरिमित त्याग की
प्रतिमूर्ति वीरांगना
रानी लक्ष्मीबाई
की जयंती पर
शत्-शत् नमन।
जन्म: 19 नवम्बर 1828 - मृत्यु: 18 जून 1858
Madhu priya
www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
जयंती पर नमन
इन्दिरा गाँधी
19 नवंबर 1917 - 31 अक्टूबर 1984
Madhu priya
www.teachersofbihar.org